दिन—सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 06 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 05 मिनट

---

राज्य सरकार अब आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को पटना में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर आयोजित करेगी। इसकी शुरुआत चौदह जुलाई से मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर स्थित संवाद भवन में होगी। यह विशेष शिविर उन आवेदकों के लिए होगा, जो जिला स्तर पर आयोजित सहयोग कार्यक्रम में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समाधान से संतुष्ट नहीं हैं। शिविर में चयनित आवेदकों की शिकायतों की समीक्षा मुख्यमंत्री स्तर पर की जाएगी। आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकेगा। आवेदक अपने पहले से दर्ज आवेदन के रेफरेंस नंबर और मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी सत्यापन कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। चयनित आवेदकों को शिविर की तिथि, समय और अन्य आवश्यक जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। अधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर एक एस शून्य शून्य के माध्यम से ली जा सकती है।

————————————————————————————

पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। प्रत्याशी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। चौदह जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि सोलह जुलाई है। मतदान तीस जुलाई को होगा। वहीं, मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस सीट के लिए जन सुराज पार्टी ने प्रशांत किशोर को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं, भाजपा और अन्य दलों की ओर से जल्द ही प्रत्याशी के नामों की घोषणा किये जाने की संभावना है।

————————————————————————————

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज एक सौ पच्चीसवीं जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें साहस, राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा का शाश्वत प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने एक आलेख में कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन अखंड भारत के लिये उनकी अटल प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और सांसद रविशंकर प्रसाद समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर में सबसे अधिक सैंतालीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट–यूजी परीक्षा की फीस वापसी के लिए बैंक खाता विवरण अपडेट करने की समय सीमा इस महीने की सात तारीख तक बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, एनटीए ने सूचित किया कि जिन उम्मीदवारों ने अपने बैंक खाता विवरण की पुष्टि कर दी है, उनके लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के भिड़हा मोड़ के पास एक ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि दस अन्य घायल हो गये। वहीं, भोजपुर जिले के बिहिया–बिहटा स्टेट हाइवे पर एक तेज रफ्तार

ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक की मृत्यु हो गई। दूसरी तरफ, दरभंगा जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मोटसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————————

अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच तीन सौ सत्ताईस ई पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक कार से भारी मात्रा मे शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समाप्त